पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

------

# राज्यपाल ने विनोबा सेवा आश्रम बरतारा, शाहजहाँपुर में बैंक ऑफ बड़ौदा के सुसज्जित भवन का उद्घाटन किया

------

लखनऊ : 12 जून, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना के साथ ने विनोबा सेवा आश्रम बरतारा पहुँचकर आश्रम के परिसर में स्थित बैंक ऑफ बड़ोदा शाखा बरतारा के नव सुसज्जित भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसी क्रम में उन्होंने विनोबा जी की प्रतिमा पर सूत की माला से माल्यार्पण किया तथा नवनिर्मित राज्यसभा सहयोग निधि से सुसज्जित अहिंसा प्रेक्षागृह ग्रंथागार भवन का लोकार्पण कर अवलोकन किया। साथ ही उन्होने आश्रम के परिसर में लगी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गये उत्पादों की जानकारी लेते हुये सराहना की।

इस अवसर पर नंदिनी लोक मित्र एवं विनोबा प्रवाह सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने 259 स्वयं सहायता समूह को सीसीएल की धनराशि रू0 3,65,41000 का प्रतिकात्मक चेक वितरण किया। साथ ही उन्होने विनोबा जी के विचारों पर आधारित पुस्तकों का भी विमोचन किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि विनोवा सेवा आश्रम के सभी लोगो ने गरीबों का जीवन सुधारने में पूरा जीवन लगा दिया है। उन्होंने कहा कि यह अवसर सीखने के साथ–साथ दिल में उतारने का है। ऐसे आश्रमों की मदद करनी चाहिए। बेटियों को पढ़ाई लिखाई आदि क्षेत्रों में आगे बढ़ाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि लोगों को समाज की विभिन्न प्रकार की ऐसी कुरीतियों को छोड़ देना चाहिए जिन कुरीतियों से परिवार उजड़ जाता है। उन्होंने विनोवा एवं गांधी जी के विचारों पर चलने के लिए जोर दिया और कहा कि लोगों को अपना फर्ज नहीं भूलना चाहिए उस पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग अपने ऐसे बूढ़े माता–पिता को आश्रमों में छोड़ देते हैं जिन्होंने जीवन में कष्ट उठाकर पढ़ाया–लिखाया बड़ा किया। अपने माता–पिता को कभी आश्रमों में नहीं छोड़ना चाहिए। उन्हें अपने पास रखें, उनकी सेवा करें।

राज्यपाल जी ने कार्यक्रम में बताया कि राजभवन की ओर से ऐसे आश्रमों की सेवा करने के लिए 150 करोड़ रुपए का सहयोग प्रदान किया जाता है जिससे बच्चों को शिक्षा आदि शैक्षिक कार्य कराया जा सके। आश्रमों में वातानुकूलित, गर्म, पानी, पुस्तकालय आदि व्यवस्थाएं कराई जा सके। उन्होंने कहा कि आश्रमों द्वारा चौराहों पर भीख मांग कर जीवन व्यतीत करने वाले बच्चों को शिक्षण संस्थान में नाम लिखाकर पढ़ाना चाहिए, उन्हें जीवन की मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास करना चाहिए।

राज्यपाल जी ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी बच्चे स्कूल पढ़ने जाएं कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। स्कूल में प्रयास करें कि बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए कंपटीशन की तैयारी कराएं जिससे बच्चों को आईएएस, आईपीएस आदि बनाया जा सके। शिक्षा की बात घर–घर पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गांवो को गोद लेकर कार्य किया जा रहा है। गांव में आंगनवाड़ी केन्द्र, टीवी के मरीजों को गोद लेकर सुधार किया जा रहा है। अच्छा कार्य करने से लोग जुड़ते हैं।

उन्होंने महिलाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे निकल रही हैं। भारत सरकार कई योजनाओं के माध्यम से महिलाओं और गरीब परिवारों को लाभान्वित कर रही है, सभी योजनाएं घर–घर तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि स्कूल अच्छे हो और अच्छी शिक्षा दी जाए। उन्होंने कहा इस आश्रम में नए लोग जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि देश आगे बढ़े और विश्व का नेतृत्व करें। प्रधानमंत्री का सपना है कि विश्व में भारत हर क्षेत्र में प्रथम स्थान पर हो। सभी लोग एक बनकर भारत को नंबर एक पर लाना है।

विशिष्ट अतिथि श्री सुरेश खन्ना ने गांधी जी और विनोबा जी के विचारों को अपनाने पर जोर दिया। सम्मेलन में विभिन्न अन्य महानुभावों ने

भी अपने–अपने विचार व्यक्त किए। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभावों को सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह, ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी एवं सेवा आश्रम से संबंधित महानुभाव मौजूद रहे।

------

संपर्क :
डा0 सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक,
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361